हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
13 मार्च 2024, समय 1305

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार आज हरियाणा विधानसभा में बहुमत साबित करेगी।

बीजेपी की नई सरकार को बहुमत साबित करने के लिए 9स सदस्यीय सदन में 46 विधायकों के समर्थन की जरूरत है। कल श्री सैनी ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को सरकार बनाने के लिए दिए पत्र में करीब 48 विधायकों के समर्थन का दावा किया था।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आज सदन में गत सत्र के बाद दिवंगत हुई आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए शोक प्रस्ताव पारित होने के बाद विश्वास मत का प्रस्ताव रखा।

जननायक जनता पार्टी द्वारा सभी विधायकों को विश्वास मत के दौरान सदन से अनुपस्थित रहने के अपने विधायकों को दिए गए निर्देश के बावजूद जननायक जनता पार्टी के 6 विधायक सदन की कार्यवाही में शामिल हुए, लेकिन जननायक जनता पार्टी के बागी माने जाने वाले यह विधायक, विश्वास मत के प्रस्ताव पर चर्चा से पहले सदन से बाहर चले गए।

हमारे संवाददाता अयविनी कुमार शर्मा ने बताया है कि सदन में भारतीय जनता पार्टी के अपने 41 विधायक हैं, जबकि एक निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह चौटाला को कल मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। इनके अलावा 5 निर्दलीय विधायक नयन पाल रावत, धर्मपाल गोंदर, सोमवीर सांगवान, रणधीर गोलन एवं राकेश दौलताबाद तथा हरियाणा लोकहित पार्टी के विधायक गोपाल कांडा सरकार का समर्थन कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा नई बीजेपी सरकार का बहुमत साबित करले के लिए आज हरियाणा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में गत साढ़े नौ वर्षों में सुशासन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रदेश के विकास को नयी दिशा दी है।

मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के उपरान्त कल पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्री मनोहर लाल ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते हुए बिना किसी भेदभाव के प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है। उन्होंने अन्तोदय की भावना से कार्य करते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा भाजपा प्रभारी बिप्लव देब सहित केंद्रीय नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि जिस सोच के साथ उन्हें नयी जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे उसी अनुसार काम करते हुए श्री मनोहर लाल के जनसेवा भाव को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

....

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज मुंबई में ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम पर "स्वराज" के पहले सीज़न का प्रमोचन किया।

इस अवसर पर दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर आधारित एक नया धारावाहिक 'सरदार: द गेम चेंजर' का भी शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री ठाकुर ने कहा कि यह गर्व का क्षण है और हमारी आजादी के उन गुमनाम महान नायकों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने अपना सब कुछ देश के लिए न्यौछावर कर दिया। उन्होंने बताया कि यह धारावाहिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय अभियान "आजादी का अमृत महोत्सव" से प्रेरणा लेकर शुरू किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जो लोग अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत पर गर्व नहीं करते हैं वे कभी एक सुनहरा भविष्य नहीं बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमें देश का उज्जवल भविष्य बनाना है तो हमें युवा पीढ़ी में अपने महान इतिहास के बारे बता कर इनमें गर्व की अनुभूति पैदा करनी होगी।

श्री ठाकुर ने कहा कि सरकार मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र को फलने-फूलने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचाइयां हासिल करने में मदद करना चाहती है। उन्होंने सभी से भारतीय भाषाओं में अच्छे कार्यक्रम बनाने का आग्रह किया।

....

केंद्र सरकार ने सभी दवा निर्माता परिसंघों से दवा विपणन प्रक्रियाओं के लिए आचार समिति गठित करने और अपनी वेबसाइट पर दवा विपणन प्रक्रिया पोर्टल के लिए एक सक्षम संहिता बनाने के लिए कहा है।

केंद्रीय रासायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने कहा है कोई भी दवा कंपनी द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों और उनके पारिवारिक सदस्यों के निजी लाभ के लिए उपहार नहीं देना चाहिए।

मंत्रालय ने यह भी कहा है कि दवाओं के मुफ्त सैंपल ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं दिए जाएंगे, जो इन उत्पादों की सिफारिश करने के योग्य नहीं है। मंत्रालय ने कहा है कि चिकित्सा-क्षेत्र के प्रतिनिधि अपने कामकाज के अंतर्गत नैतिकता के व्यवहार के उच्च मानक बना कर रखें।

....